हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

12 घर से मतदान के इच्छुक लोगों की लिस्ट करें तैयार



12 मंदिर में चोगानन माता की मूर्ति स्थापना





# जया शर्मा का आईएएस के लिए चयन

■ यूपीएससी में 248 रैंक किया प्राप्त, एचपीएसई परीक्षा टॉप कर 6 माह पूर्व बनी थी डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक रहे प्रमोद शर्मा की पुत्री जया शर्मा का चयन सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन में हुआ है। मंगलवार को जारी संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा परिणाम में जया शर्मा को 248वां रैंक प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व जया शर्मा अक्टूबर 2023 में हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा पास कर डीएसपी बनी थी। एचपीएसई के परीक्षा परिणाम में जया शर्मा ने ओवरऑल 8वां स्थान प्राप्त किया वहीं लड़कियों में वह टॉप पर रही थी। बता दें कि जया शर्मा के पिता प्रमोद शर्मा कई सालों तक फतेहाबाद में डीएफएससी के पद पर रहे है और वर्तमान में वे चण्डीगढ़ में इसी पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जया शर्मा ने यूपीएससी में 248वें रैंक के साथ आईएएस बनकर अपने माता-पिता का सपना साकार किया है और पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

जया शर्मा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएसई गणित और आईआईटी दिल्ली से एमएससी गणित की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने एक निजी कम्पनी की जॉब छोड़कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू की थी। हिसार के पीएलए निवासी जया शर्मा ने सेल्फ स्टडी कर फर्स्ट अटेंप्ट में एचपीएसई का एग्जाम क्लीयर किया है। परीक्षा की तैयारी के दौरान जया ने प्रोडक्टिव स्टडी को फोलो किया। उसका फोकस समय पर सिलेबस को पूरा करना और स्ट्रेस फ्री पढ़ाई करना रहा।

## अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा रूद्रमणी शर्मा को दिया

### परीक्षा की तैयारी पूरा दिन पढ़कर, स्ट्रेस लेकर नहीं की जा सकती: जया

हरिभूमि से विशेष बातचीत में जया शर्मा ने कहा कि परीक्षा की तैयारी पूरा दिन पढ़कर स्ट्रेस लेकर नहीं की जा सकती। पढ़ाई के दौरान जरूरी है कि जितना समय सिलेबस को दिया जाए, उसमें पूरा फोकस केवल पढ़ाई पर होना चाहिए। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा रूद्रमणी शर्मा, पिता प्रमोद शर्मा जोकि फतेहाबाद व चण्डीगढ़ में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी के पद पर सेवाएं दे चुके हैं व माता नीतू शर्मा को दिया है।




# कोमल व मनु ने पास की यूपीएससी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर की अग्रसेन कॉलोनी कोमल गर्ग व जिला के गांव छतरियां निवासी मनु भोभरियां ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास कर जिला का नाम रोशन किया है। दोनों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ। मंगलवार को जारी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन-2023 के परिणाम में मनु भोभरिया ने 434वां रैंक हासिल किया है। मनु भोभरिया की उपलब्धि पर उनके परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। बता दें कि मनु भोभरिया सीआईडी विभाग में कार्यरत बलजिंदर भोभरिया की भतीजी है। मनु भोभरिया वर्तमान में चंडीगढ़ मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के पश्चात एमडी की तैयारी कर रही थी। मनु भोभरिया ने इसके साथ ही सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन-2023 की परीक्षा दी, जिसमें उसने 434वां रैंक लेकर परीक्षा पास की है। वह दो बहन भाई है। उसका छोटा भाई विश्वजीत वर्मा भी एमबीबीएस करने के बाद एमडी की तैयारी कर रहा है। उनकी माता जितेंद्र कौर हाउस वाइफ है। 24 अप्रैल 1996 को जन्मी मनु भोभरिया ने डीसी मॉडल स्कूल चंडीगढ़ से 12वीं तक की पढ़ाई की है। 12वीं की पढ़ाई के साथ ही मनु भोभरिया ने आकाश इंस्टीट्यूट से मेडिकल की तैयारी शुरू कर दी और मनु का पहले प्रयास में ही गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए दाखिला हो गया। एमबीबीएस अब उनकी पूरी हो चुकी है और एमडी की तैयारी के साथ ही उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा दी, जिसमें उसने 434 वां रैंक हासिल किया है। सिरसा की अग्रसेन कॉलोनी निवसी कोमल गर्ग ने सिविल सेवा परीक्षा में 221वां रैंक हासिल किया है।





सिरसा। यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली कोमल गर्ग व मनु भोभरियां।

## खबर संक्षेप

### जलघर की डिग्गी में डूबने से दो बच्चों की मौत

**सिरसा।** जिला के गांव भरोखां के जलघर की डिग्गी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे खेलने के बाद डिग्गी में पानी पीने के लिए गए थे। मृतकों की पहचान पांच वर्षीय सुलक्स पुत्र सूरज कुमार और 11 वर्षीय शहज पुत्री राजकुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को दोनों घर से खेलने के लिए गए हुए थे।

### जमाल के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**चोपटा।** खंड के गांव जमाल के पास स?क हादसे में राजस्थान के गुड़िया निवासी एक व्यक्ति की मौत हुई है। मिली जानकारी अनुसार गुड़िया निवासी दीपचंद अपनी पत्नी पार्वती को सिरसा से दवाई दिलवाने जा रहा था।। रास्ते मे जमाल पहुंच कर पट्रोल पम्प पर पेट्रोल भरवाकर जैसे हो नोहर चौपटा रोड पर चढ़ने लगा तभी पीछे से आ रही एक गा?ी ने टक्कर मार दी।जिससे दीपचंद दूर सड़क पर जा गिरा वही दूसरी तरफ से आ रही गा?ी के नीचे आने से दीपचंद की मौके पर ही मौत हो गई।इस हादसे में दीपचंद की पत्नी पार्वती घायल हो गई।

### 17 से 19 अप्रैल तक शराब ठेके रहेंगे बंद

**सिरसा।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त आलोक पासी ने बताया कि राजस्थान में 19 मई को विभिन्न हिस्सों में मतदान होगा, जिसमें हनुमानगढ़ जिला भी शमिल हैं। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतनुसार मतदान वाले क्षेत्र के साथ लगती राज्य की सीमा के तीन किलोमीटर दायरे में मतदान प्रक्रिया समाप्ति के समय से 48 घंटे पहले शराब ठेके, बार, आहते व शराब संबंधी कारोबार बंद किया जाना आवश्यक है। हनुमानगढ जिला की सीमा सिरसा के साथ लगती है।

### बस स्टेंड पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर के बस स्टेंड की पार्किंग से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में पुलिस लाइन निवासी सुखदीप सिंह ने बताया कि बीती 13 अप्रेल की सुबह वह ऐलनाबाद जाने के लिए बस स्टेंड पर आया था। बस स्टेंड की पार्किंग में बाइक खड़ी कर वह ऐलनाबाद चला गया। शाम को आया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### करियर एंड प्लेसमेंट सैल ने करवाए साक्षात्कार

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा महाविद्यालय में मंगलवार को करियर एंड प्लेसमेंट सैल की ओर से साक्षात्कार का आयोजन करवाया गया जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का भविष्य भी उज्जवल बनाना है।

## सड़कों पर चैक नहीं होंगी स्कूल बसें, चालकों की होगी काउंसलिंग

# बसों पर सख्ती से घबराए स्कूल संचालक पहुंचे डीसी दरबार, दस दिन की मिली मोहलत

■ प्रशासन द्वारा की जा रही सख्ती से घबराए स्कूल संचालक आज डीसी के दरबार पहुंचे और राहत की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महेन्द्रगढ़ में हुए हादसे के बाद प्रदेशभर में स्कूल बसों की चैकिंग को लेकर शुरू हुए अभियान से फतेहाबाद जिले के स्कूल संचालकों में हडकंप का माहौल है। प्रशासन द्वारा की जा रही सख्ती से घबराए स्कूल संचालक आज डीसी के दरबार पहुंचे और राहत की मांग की। डीसी के साथ हुई बातचीत में स्कूल संचालकों ने स्कूल वाहनों पर की जा रही सख्ती से पैदा हुए अफरा-तफरी के माहौल से अवगत करवाया और अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा। स्कूल संचालकों ने डीसी से स्कूल वाहनों में कमियों को पूरा करने के लिए कुछ समय देने और सड़कों पर चैकिंग से बच्चों को होने वाली परेशानियों के मद्देनजर स्कूलों में जाकर वाहनों की जांच करने का अनुरोध किया। इस पर डीसी ने स्कूल संचालकों को स्पष्ट कहा कि स्कूल वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन किसी प्रकार की ढील नहीं देगा। स्कूल संचालकों को सभी शतार्ं को पूरा करना होगा। इसको लेकर डीसी द्वारा स्कूल संचालकों को 10 दिन का समय दिया गया और कहा कि वे इस दौरान सभी कमियों को दूर कर लें।



फतेहाबाद। जिला के विभिन्न प्राइवेट स्कूल संचालकों के साथ बैठक करते उपायुक्त राहुल नरवाल।

### बीईओ ने ली निजी स्कूल संचालकों की बैठक

खण्ड शिक्षा अधिकारी राम रत्न ने उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थानों के संचालकों से कहा कि वे स्कूली वाहनों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करें, आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सभी निजी स्कूल के प्रबंधक व वाहनों जांच प्रभारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी राम रत्न ने कहा कि स्कूल संचालक अपने-अपने स्कूल के वाहनों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के सभी नियमों की पालना करें। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### स्कूल संचालकों को मिला 10 दिन का समय : शैलेन

बैठक के बाद स्कॉलर्स स्कूल फतेहाबाद के संचालक शैलेन भास्कर ने बताया कि मंगलवार को उपायुक्त द्वारा स्कूल संचालकों को बातचीत के लिए बुलाया गया था। प्रशासन के साथ काफी सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई है। डीसी द्वारा स्कूल संचालकों की समस्याओं को ध्यान से सुना गया है। बैठक में स्कूल संचालकों के अनुरोध पर डीसी द्वारा सभी स्कूलों को 10 दिन का समय दिया है। इन अवधि के दौरान सभी स्कूल संचालकों को तय शर्तें पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में स्कूल संचालकों द्वारा गत दिवस सड़कों पर स्कूल बसों को रोककर चैकिंग के नाम पर हुई अफरा-तफरी से अवगत करवाया गया और बताया कि सड़कों पर बसों को रोकने से उसमें बैठे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इसको लेकर कलस्टर लेवल पर टीमें बनाई गई है।

### किसी भी स्कूल संचालक को नियमों की अवहेलना करने की छूट नहीं : डीसी

उपायुक्त ने सभी प्राइवेट और सभी शिक्षण संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करें, आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी स्कूल संचालक को नियमों की अवहेलना करने की छूट नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि स्कूल संचालक 17, 20, 21, 27 व 28 अप्रैल को आरटीए कार्यालय जाकर स्कूल बसों से संबंधित सभी दस्तावेज व अन्य कायार्ं को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। बसों को सड़क पर चेक नहीं किया जाएगा। इस बारे प्रशासन द्वारा शैड्यूल भी तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में बस चालकों व सहायक की काउंसलिंग करवाई जाएगी, इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी के नगराधीश नोडल अधिकारी होंगे। कमेटी में प्रशासन के अधिकारियों व प्राइवेट स्कूल के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा जिलारेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्कूल बस चालकों की हर 15 दिन के बाद काउंसलिंग करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल संचालक अपने स्तर पर भी चालकों की काउंसलिंग करना सुनिश्चित करें। अगर कोई बस चालक शराब का सेवन किए हुए हो तो उस की सूचना तुरंत प्रशासन को उपलब्ध करवाए। उपायुक्त ने कहा कि आगामी समय में जिला में संचालित प्ले स्कूलों व एकेडमी संचालकों की भी प्रशासन के साथ बैठक आयोजित की जाएगी और बच्चों की सुरक्षा के संबंध में उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे। उपायुक्त ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक बने और प्राइवेट वाहन जैसे ऑटो आदि में ना बैठाए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्राइवेट स्कूल संचालकों से सुझाव भी लिए। स्कूल संचालकों ने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि वे प्रशासन के साथ है और उनका हरसंभव सहयोग करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया सहित जिला के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्य व संचालक मौजूद रहे।

### 71 स्कूल बसों के काटे गए चालान

बता दें कि महेन्द्रगढ़ में हुए हादसे के बाद प्रदेशभर में स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सरकार सख्त दिख रही है। पिछले सप्ताह शुक्रवार से लेकर सोमवार तक फतेहाबाद में प्रशासन से तरफ से स्कूल वाहनों की चैकिंग को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इसमें 71 बसों के चालान काटे गए वहीं 22 स्कूल वाहनों को परमिट न होने, फिटनेस पास न होने आदि कारणों के चलते इंपाऊंड कर दिया गया। इंपाऊंड होने वाले वाहनों में 15 टाटा एस हैं, जो अवैध रूप से चल रहे थे। प्रशासन द्वारा की गई सख्ती से स्कूल संचालकों में हडकंप का माहौल है। आनन-फानन में सभी स्कूल संचालक स्कूल वाहनों को लेकर जारी शतार्ं को पूरा करने में लगे है।

### भट्ठे पर जनरेटर बंद करते समय युवक को लगा करंट, दम तोड़ा

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित गांव मानावली में मंगलवार को हुए हादसे हादसे में बिजली का करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक वहां एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल भिजवा दिया है। इस मामले में पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर हादसे को लेकर इत्तेफाकिया कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी के फिरोजाबाद जिले के गांव कमोरा का रहने वाला राजेंद्र अपने परिवार के साथ फतेहाबाद के मानावाली गांव में ईंट भट्ठे पर रहकर काम करता था।

### भट्टू क्षेत्र से गांजा व अफीम सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने भट्टूकलां क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक को अफीम और गांजा सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव मेहूवाला से बोदीवाली की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को रास्ते में एक युवक प्लास्टिक कट्टा लिए खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा।

## छात्रों को रोजगार उपलब्ध करवाने के हरसंभव प्रयास: डॉ. ढींडसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी मैमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज के आठ विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान में पढ़ रहे हर छात्र को रोजगार मुहैया करवाना हमारी सदा से प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि आज विद्यापीठ के विद्यार्थी न केवल राजकीय सेवाओं में बल्कि निजी क्षेत्र में देश और विदेशों में चयनित होकर विद्यापीठ का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष इंजीनियर सुशील अग्रवाल एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग की अध्यक्ष इंजीनियर वीना रानी को बधाई दी। उन्होंने चयनित छात्रों से कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा उपलब्ध करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है जिससे छात्रों को रोज़गार प्राप्त करने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। संस्थान में छात्रों को थ्योरी के साथ साथ प्रेक्टिकल पर भी जोर दिया जाता है जिससे विद्यार्थियों को हर पहलू का ज्ञान हो सके। संस्थान के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इलेक्ट्रिकल अंतिम वर्ष के छह छात्रों रविकांत, सतनाम, अजय, शम्मी, अजय कुमार और बीजा सिंह का चयन हरियाणा विद्युत निगम में हुआ है।

## स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी की करें पालना : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

निजी स्कूल वाहनों के प्रबंधन व इनकी निगरानी को लेकर गठित उपमंडल स्मरीय कमेटी ने मंगलवार को स्कूल एसोसिएशन के साथ बैठक की। एसडीएम अभय सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई।

एसडीएम अभय सिंह ने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के अंतर्गत सभी आवश्यक हिदायतों को लेकर जीरो टॉलरेंस के तहत अनुपालना सुनिश्चित होनी जरुरी है। उन्होंने स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपने स्कूल वाहनों को पोलिसी के अंतर्गत सभी मानकों के अनुरूप बनाएं। यह बच्चों से जुड़ा विषय है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। कहीं पर भी उल्लंघना पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



डबवाली। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम।

## रमेश खटक होंगे जजपा के सिरसा लोस से उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी ने पूर्व विधायक रमेश खटक को सिरसा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने पिछली बार निर्मल सिंह मलड़ी को यहां से प्रत्याशी बनाया था जो जमानत भी नहीं बचा पाए। इस बार पार्टी ने नए चेहरे पर दांव खेला है। उल्लेखनीय है कि रमेश खटक बरौदा विधानसभा क्षेत्र से 1991-1996 व 2000 में विधायक रहे हैं। इसके अलावा वे अब पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के डा. अशोक तंवर के बाद जजपा ने रमेश खटक को सिरसा से उम्मीदवार बनाया है। अब कांग्रेस व इनेलो के प्रत्याशियों की घोषणा होनी बाकी है। बता दें कि रमेश खटक पखवाड़े भर से सिरसा जिला में पार्टी के होने वाले कार्यक्रमों में नेताओं के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।



रमेश खटक।

## फसल उठान कार्य में लाएं तेजी: आरके सिंह

■ उपायुक्त आर .के सिंह ने सिरसा अनाज मंडी व एफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मंडियों में फसल के उठान कार्य में तेजी लाई जाए ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। उठान कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्य के लिए जो भी जरुरी व्यवस्था हो, उसको पूरा किया जाए। ये निर्देश उपायुक्त आर.के सिंह ने मंगलवार को अनाज मंडी सिरसा के निरीक्षण के दौरान दिए। इस दौरान एसडीएम राजेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने अनाज मंडी में उठान कार्य की व्यवस्था बारे अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल का साथ की साथ उठान होना चाहिए। उठान के अभाव में मंडी में कोई भी अव्यवस्था न बनें। उन्होंने अधिकारियों को उठान के लिए लगाए गए वाहनों की रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि जरुरत अनुसार गाड़ियों की संख्या बढाई जाए। इस दौरान उन्होंने मंडी एसोसिएशन प्रधान व आढतियों को भी इस कार्य में सहयोग करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को मंडी में पेयजल, साफ-सफाई व अन्य जरुरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने बारे दिशा-निर्देश दिए।



सिरसा। अनाज मंडी का निरीक्षण करते उपायुक्त आरके सिंह।

## इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 108 कंजकों की पूजा

# दुर्गा अष्टमी पर कंजकों को करवाया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिले में नवरात्र पर्व की दुर्गा अष्टमी पर मंगलवार को व्रतधारियों ने नवरात्रा के समापन अष्टमी पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन करवाकर दान दक्षिणा देकर विदा किया। वहीं इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में नवरात्रा महोत्सव के समापन पर हवन किया गया व 108 कन्याओं की पूजा अर्चना के बाद भोजन करवाया गया।

नोहरिया बाजार गली गोलछांवाली स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में नवरात्रा महोत्सव के समापन अवसर पर हवन यज्ञ किया गया। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा व जगदीश दायमा ने विधि-विधान से हवन यज्ञ संपन्न करवाया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर विश्व शांति की कामना की। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने मंदिर में मां भगवती की आरती की। उसके बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं द्वारा 21 अखंड 'योत स्थापित की गई थी। आज नवरात्रा समापन पर 108 कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें भोजन करवाकर श्रद्धालुओं ने दक्षिणा देकर विदा किया। उधर, बृहस्पतिवार सुबह नवरात्रा की अष्टमी पर व्रतधारी महिलाओं ने नवरात्रा के समापन पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर मां दुर्गा को भो'य पदार्थों का भोग लगाया।



सिरसा। नवरात्रों के समापन पर इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में कंजकों को भोजन करवाते हुए श्रद्धालुजन।



# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style



# यामी
## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

## हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

## टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन



**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम



पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।

### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक


# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

*मुंबई। बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं।



सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।

### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियादिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं।



हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।



### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही, हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडियाः*** *नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप

### विधायक नापा ने शक्ति केन्द्रों पर प्रवास किया

**रतिया।** लोकसभा चुनाव को लेकर विधायक लक्ष्मण नापा ने विभिन्न शक्ति केंद्रों पर प्रवास किया। इस दौरान नागपुर, हांसपुर एवं हिजरावां सहित विभिन्न शक्ति केंद्रों में पहुंचकर शक्ति केंद्र प्रमुख एवं कार्यकर्ता के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत चर्चा एवं नीति तैयार की। बैठक में विधायक ने सभी केंद्र प्रमुखों को एक बार फिर सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कमल खिलाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया।

### झाड़ू की फैक्ट्री में आग लगी

**मंडी आदमपुर।** दुर्गा कॉलोनी स्थित एक झाड़ू की फैक्ट्री में दोपहर करीब एक बजे अचानक आग लग गई जिसके चलते बनी हुई झाड़ू एवं गोदाम में रखा हजारों रुपये की कीमत का सामान जलकर राख हो गया। इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग तथा पुलिस को दी गई। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### रामायण ज्ञान यज्ञ की पूणार्हुति 17 को

**हिसार।** नवरात्रों के उपलक्ष्य में अर्बन एस्टेट-टू स्थित श्रीराम शरणम आश्रम में चल रहे रामायण ज्ञान यज्ञ की पूणार्हुति राम नवमी के दिन 17 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक की जाएगी। आश्रम के सेवादार एल.डी. पोपली ने बताया कि नवरात्रों के उपलक्ष में 9 अप्रैल से रामायण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया था, जिसकी पूणार्हुति राम नवमी पर सत्संग द्वारा की जाएगी। उन्होंने नगर वासियों से अनुरोध किया कि वे पूणार्हुति सत्संग में बढ़ चढ़कर भाग लेकर पुण्य के भागी बने।

### 60 उद्घोषित अपराधी व 9 बेल जंपर पकड़े

**हिसार।** पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधियों (पीओ) और बेल जंपर की गिरफ्तार के लिए चलाए गए एक महीने के स्पेशल अभियान में 60 उद्घोषित अपराधियों (पीओ) और 9 बेल जंपर की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के निर्देशानुसार 15 मार्च से 15 अप्रैल तक विभिन्न मामलों में उद्घोषित अपराधियों (पीओ) और बेल जंपर की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।

## प्रशासन को है हादसे का इंतजार

# शाहपुरिया में घरों के बीचो-बीच से गुजर रही बिजली की लाइन



सिरसा। घरों के बीचो-बीच से गुजरने वाली बिजली की लाइन।

> कॉलोनीवासी काफी बार बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत पत्र दे चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

खंड के गांव शाहपुरिया में बीपीएल कॉलोनी में कई ऐसे घर हैं जहां रहने वाले लोगों का जीवन खतरे के साये में है। सरकार द्वारा गरीब परिवारों को रहने के लिए बीपीएल कॉलोनी दी गई है लेकिन कॉलोनीवासी प्रशासन के अनदेखी के कारण बिजली विभाग की गुजरने वाली लाइन से मौत से बचने के तरीके ढूंढने पर मजबूर है, कॉलोनी के बीचो-बीच गुजरने वाली लाइन घरों की छतों व घरों के बीचों-बीच से गुजरती है जिसमें विद्युत प्रवाहित होने से हर पल खतरा बना रहता है, इस लाइन को हटाने के लिए कॉलोनीवासी काफी बार बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत पत्र दे चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण कभी भी जान माल का नुकसान हो सकता है।

### अधिकारी लाइन को हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे

शाहपुरिया निवासी राजेश ने बताया कि काफी बार हमने बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली की लाइन हटवाने के लिए मांग की लेकिन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी लाइन को हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे। अब हम परेशान होकर मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है ताकि हमारी जान माल की सुरक्षा की जाए और बिजली का लाइन को तुरंत प्रभाव से किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित की जाए। इस संबंध में निगम के एसडीओ वीरेंद्र कंबोज ने बताया कि लाइन हटाने के लिए शिकायत हमारे पास शिकायत आई है कर्मचारियों को मौका निरीक्षण करने के लिए कहा गया है अगर लाइन स्थानांतरण के लिए पंचायत रूट बनाकर देती है तो लाइन को हटवा दिया जाएगा।

# दुर्गा अष्टमी पर श्रद्धालु ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



रतिया। शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु।

> ■ माता रानी के जयकारों से मंदिर गूंज उठा।

मां शीतला मंदिर में चल रहे नवरात्रों की पूजा के दौरान मंगलवार को मंदिर में भक्तजनों की काफी भीड़ रही तथा दुर्गा अष्टमी के दिन आज माता को भोग लगवाने के लिए, भक्तजनों की कतारें लगी हुई थी और माता रानी के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। इस मौके पर मां शीतला मंदिर परिसर में भी मां शीतला मंदिर सेवा ट्रस्ट की तरफ से दुर्गा अष्टमी के दिन कंजक पूजन का आयोजन किया गया जिसमें शहर के विभिन्न भगतजनों ने हिस्सा लिया और दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन करवाई। इस मौके पर आचार्य सतीश शर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के दिन कंजक पूजन का विशेष महत्व है तथा जो सच्चे दिल से आज के दिन 9 नवरात्रों के दिन अष्टमी में कंजक पूजन करवाता है, उसकी सभी मां मुराद पूरी होती हैं तथा किसी प्रकाश का कष्ट नहीं आता। जीवन में और हमेशा उन्नति और तरक्की के रास्ते से खुल जाते हैं।

### हुडा सैक्टर में 13 साल के लड़के से मारपीट कर पैसे मांगे, मारपीट का वीडियो किया वायरल

**फतेहाबाद।** हुडा सैक्टर में एक दुकान पर सामान लेने आए 13 साल के लड़के से कुछ युवकों द्वारा मारपीट कर पैसे मांगने और उसकी पिटाई का वीडियो बनाकर वायरल करने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित लड़के के पिता द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में हुडा सैक्टर निवासी अमित मेहता ने कहा है कि उसका 13 साल का लड़का योगेश दो दिन पहले सैक्टर में स्थित एक दुकान पर सामान लेने गया था। इसी दौरान कुछ लड़के स्कूटी पर सवार होकर आए और योगेश से 2 हजार रुपये की डिमांड करने लगे। जब योगेश ने पैसे न होने की बात कही तो उक्त युवकों ने उसके साथ मारपीट करने शुरू कर दी। इन युवकों की पहचान प्रभजोत, सक्षम गाबा निवासी नहर कालोनी, शुभम व मौलिक है। इन युवकों ने मारपीट कर वीडियो भी बनाई और वायरल कर दी। वीडियो बनाने वाले युवक का नाम राघव असीजा है। अमित ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी है। इस पर उसके लड़के ने घर आकर सारी घटना बारे जानकारी दी। बाद में परिजनों ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस बारे आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोठी से लाखों के गहने चोरी, सफाई करने वाली दो महिलाओं पर चोरी का आरोप

**फतेहाबाद।** हुडा सैक्टर स्थित एक कोठी से लाखों रुपये के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में मकान मालिक ने घर पर ही सफाई का काम करने वाले दो महिलाओं पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हुडा सैक्टर निवासी अनिल कुमार ने कहा है कि वह लाला लाजपत राय यूर्निवसिटी हिसार में काम करता है जबकि उसकी पत्नी बड़ोपल के सरकारी स्कूल में पढ़ाती है। उसने कोठी के ड्रैसिंग रूम में बनी अलमारी के लॉकर में गहने रखे हुए थे। गत दिवस दोपहर को जब उसने लॉकर खोला तो पाया कि वहां से एक सोने का मंगलसूत्र, एक मटर माला, दो सोने की चूडियां, 2 अंगूठियां लेडिज व एक अंगूठी जेन्टस गायब थी। उसने यह गहने 5 अप्रैल को लॉकर में रखे थे और लॉकर की चाबी अलमारी में कपड़ों के नीचे रखी हुई थी। इस पर उन्होंने अपने स्तर पर चोरों की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसने आरोप लगाया कि उसके घर सफाई का काम करने आने वाली रेखा व अनू नामक दो महिलाओं ने उसके घर में चोरी की है।

# कार्यक्रम बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




फतेहाबाद। अपेक्स स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

> ■ कार्यक्रम में बैसाखी और दुर्गा अष्टमी से संबंधित गीत और नृत्य प्रस्तुत किए

सतीश कॉलोनी स्थित अपेक्स कान्वेंट स्कूल में दुर्गा अष्टमी और बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने महोत्सव में भाग लेते हुए गायन और नृत्य के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बैसाखी और दुर्गा अष्टमी से संबंधित गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। अंत में स्कूल प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों का मानसिक विकास होता है तथा समाज के प्रति दायित्वों का बोध होता है। इससे समाज के साथ देश के विकास को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि आज मनाया गया त्योहार बैसाखी सिख नव वर्ष और फसल के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है तथा दुर्गा अष्टमी बुराई पर अच्छाई की जीत तथा नारी शक्ति की महत्वता को बताती है। स्कूल प्राचार्य ने स्कूल मैनेजमेंट की ओर से अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा स्कूल स्टाफ़ को उत्सव की बधाई दी।

### जिले में अलग-अलग स्थानों से पांच युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से पांच युवतियों के लापता होने का समाचार है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खाबड़ा कलां निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि गत रात्रि वह परिवार के घर घर पर सोया था। सुबह जब वह उठा तो उसने देखा कि उसकी 28 वर्षीय पत्नी घर पर नहीं थी। उसकी पत्नी उसे व तीन लड़कियों को सोता हुआ छोड़कर कहीं चली गई। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में भूना पुलिस ने ढक्की मोहल्ला निवासी एक युवक की शिकायत पर उसकी पत्नी के लापता होने का केस दर्ज किया है।

# संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ेगा देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर।

भारतीय जनता पार्टी के सिरसा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि भाजपा ने जो संकल्प पत्र पेश किया है उससे भारत सिद्धि की ओर बढ़ेगा। हमने स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ काम करना है। डॉ. तंवर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जो संकल्प पत्र जारी किया है वह पार्टी का अगले पांच सालों का विजन है। अन्य पार्टियां घोषणा पत्र जारी करती हैं लेकिन भाजपा संकल्प लेती है और उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि 2024 में जो संकल्प पत्र जारी किया गया है उससे युवाओं, महिलाओं और किसानों सहित देश के तमाम वगोंर् का कल्याण निहित है। इस दौरान पार्टी की जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने भाजपा के संकल्प पत्र के बारे में तथ्यपरक तरीके से बात रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 करोड़ लखपति दीदी बनाकर नारी सशक्तिकरण किया है। आने वाले पांच वषार्ं में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। इसी तरह सेभाजपा का यह संकल्प है कि वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा के लिए विशेष कार्यक्त्रम आरंभ किए जाएं। अब तक सरकार ने बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया है।

# 170 किलोग्राम डोडापोस्त सहित मुख्य सप्लायर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। पुलिस की गिरफ्त में डोडापोस्त का मुख्य सप्लायर।

एंटी नारकोटिक्स सेल ऐलनाबाद पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए 170 किलोग्राम डोडापोस्त बरामदगी मामले के मुख्य सप्लायर को मंगलवार को राजस्थान क्षेत्र से काबू किया है। जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि काबू किए गए सप्लायर की पहचान बिरमा राम निवासी गांव सुखलाब जिला नागौर राजस्थान के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि बीती 13 सितंबर 2023 को जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त तथा चैकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर ऐलनाबाद थाना के गांव तलवाड़ा खुर्द के एरिया से दो गाड़ियों में सवार चार तस्करों को काबू कर उनके कब्जे से करीब 10 लाख रुपए की 170 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद की थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले के एक और आरोपी को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया था।



### अफीम की खेती करते युवक गिरफ्तार, खेत से 155 अफीम के पौधे बरामद

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए सदर थाना टोहाना के अंतर्गत आने वाली कुलां पुलिस चौकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धारसूल कलां के खेत से अफीम के 155 पौधे बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। बरामद किए गए पौधों का वजन 3 किलो 150 ग्राम है। मंगलवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए टोहाना सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर देवीलाल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांव धारसूल कलां में अपने खेत में अफीम के काफी पौधे लगा रखे हैं। पुलिस ने सूचना मिलने पर तुरंत प्रभाव से कुलां चौकी इंचार्ज एसआई भान सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर छापामारी की गई। इस दौरान टीम ने पाया कि आरोपी युवक ने गांव धारसूल के खेत से अफीम की खेती की हुई थी। इस पर टीम ने मौके से 155 अफीम के पौधे, 3 किलो 150 ग्राम वजनी बरामद कर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### शिफ्ट होगा अनाज मंडी का प्राथमिक स्कूल एडीसी व एसडीएम ने दौरे के बाद दी रिपोर्ट

**हिसार।** अनाज मंडी में पिछले लंबे समय से प्राथमिक स्कूल व मंदिर प्रबंधन के बीच चल रहे विवाद के बीच प्रशासन ने स्कूल को अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में एडीसी नीरज एवं एसडीएम डॉ. जयवीर यादव ने सुबह दौरा करके स्कूल व मंदिर की स्थिति का अवलोकन भी किया था। मंदिर परिसर में चल रहे स्कूल मामले में पिछले काफी समय से विवाद चल रहा है। मंदिर प्रबंधन लगातार इस स्कूल को यहां से शिफ्ट करवाने को प्रयासरत था और आखिर मंदिर प्रबंधन की जीत हुई, जिसके आगे शिक्षा के समर्थक हार गए। यहां पर मंदिर से जुड़े लोग स्कूल को हर हालत में अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग उठा रहे थे वहीं कुछ लोग स्कूल को यहीं पर रखने के पक्षधर थे। उनका कहना था स्कूल में आसपास की बस्ती के गरीब बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। ऐसे में यदि स्कूल को दूर शिफ्ट कर दिया गया तो बच्चों को परेशानी होगी। इसी बीच सोमवार को मंदिर का गेट तोड़ने का आरोप लगाते हुए दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप जड़े। मंदिर प्रबंधन ने स्कूल की अध्यापिकों पर गेट तोड़ने का आरोप लगाया वहीं अध्यापिका ने मंदिर पक्ष से जुड़े लोगों पर दुर्व्यवहार करने व मोबाइल छीनने का आरोप जड़ा। सुबह हुए इस विवाद के बाद अनाज मंडी के आढ़ती धरना देकर हड़ताल पर बैठ गए और मंदिर का गेट व गल्ला तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

### गोदाम से चोरी मामले में चार काबू:

**हिसार।** सदर पुलिस ने तेजा मार्केट स्थित गोदाम से इनवर्टर बैटरी, एसी, टीवी, लैपटॉप, प्रिंटर आदि चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तेजा मार्किट निवासी संदीप उर्फ कालू, चौथा मिल निवासी विक्रम, मलकीत और कमल उर्फ निंजा शामिल है।

**सूचना**

मैं, सुभाष पुत्र गोपीराम निवासी मेहुवाला तहसील व जिला फतेहाबाद बयान करता हूं कि मेरा लड़का पवन कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व अच्छे-बुरे कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का उसके साथ कोई ताल्लुक वा वास्ता नहीं रहा है।

## महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# 33 प्रतिभागियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




फतेहाबाद। महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित करते संस्थान के

> ■ सभी प्रतिभागियों को अपना रोजगार शुरु करने के लिए प्रेरित किया

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पंचायत भवन में 33 प्रतिभागियों को महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक उम्मेद सिंह ने सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपना रोजगार शुरु करने के लिए प्रेरित किया और बैंक द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार शुरु करवा कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद में जुलाई 2009 से यहां पर बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न प्रकार के निशुल्क कोर्स कराये जा रहे हैं।

प्रशिक्षण के दौरान यहां पर युवक-युवतियों को निशुल्क खाने की सुविधा दी जाती है, वहीं कोर्स के दो वर्ष उपरांत तक स्वरोजगार शुरु करने के लिये संस्थान से युवाओं को निशुल्क मार्गदर्शन व जरूरत पड़ने पर बैंक द्वारा कार्य के मुताबिक लोन उपलब्ध कराया जाता है। इस मौके पर संस्थान का स्टाफ भी मौजूद रहा।

**कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फतेहाबाद।**

**वर्ष 2024-25 के लिये परिवहन के कार्य हेतु Short Term निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के रबी व खरीफ सीजन के लिए जिला फतेहाबाद की विभिन्न मण्डियों में खाद्यान्न एवं स्टाक अर्टिकल्ज के परिवहन के कार्य हेतु सभी खरीद एजेन्सियों के लिए परिवहन ठेकेदारों से ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से सातवीं बार परिवहन की (4) 1 धारसुल 2 करंडी 3 नन्हैडी 4 शक्करपुरा मण्डीयों में Short Term टैण्डर आमंत्रित किये जा रहे है। नियम व शर्ते पूर्व में निर्धारित ही लागु रहेंगी। उपरोक्त निविदांए निम्न प्रकार से नीचे वर्णित तिथि, समय व स्थान पर आमंत्रित हैं।

| S. NO. | Work | Releasing/ Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Technical Bid & Checking of Document | Opening of Financial Bid & Finalization | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Transportation | 16-04-2024 06:55 PM | 18-04-2024 01:00 PM | 18-04-2024 01:05 PM | As per decision of D.L.T.C. | कार्यालय जिला खाद्य एंव पूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद। |

1 विस्तृत जानकारी जिला खाद्य एंव पूर्ति नियंत्रक, फतेहाबाद, जिला प्रबंधक हैफड / हरियाणा वेयर हाउस फतेहाबाद के कार्यालय से प्रातः 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में तथा Website **http://www.etender.hry.nic** से ली जा सकती है।

2 इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज स्पष्ट नजर नहीं आता है तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा।

3 टैण्डरदाता, टैण्डर पॉलिसी के नियम व शर्तों के अनुसार ही दस्तावेज लगाना सुनिश्चित करें।

हस्ता/-(विनित जैन)
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फतेहाबाद।
दूरभाष नं0. 01667-230773

## खबर संक्षेप

### चेयरमैन ने व्यापारियों से की मुलाकात

**सिरसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्वभर में खास छवि बनी है। विकसित भारत का जो एक नक्शा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तैयार किया है, उसे हम सभी को मिलकर अमलीजामा पहनाना है और लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनानी है। उक्त बातें हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के प्रदेश चेयरमैन बालकृष्ण अग्रवाल ने अनाजमंडी स्थित गौरव गोयल के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों की मीटिंग में कही।

### भ्रष्टाचार पर मौन साधे बैठी है भाजपा : शर्मा

**सिरसा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि नगरपरिषद में खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार मौन साधे बैठी है। इससे स्पष्ट होता है सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बातें सरासर झूठ का पुलिंदा है। शर्मा ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि नप अधिकारियों की कारगुजारी के चलते पूरा शहर नरक भोग रहा है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं।

### डबवाली पुलिस ने दबोचा उद्घोषित अपराधी

**डबवाली।** डबवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में वांछितों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक पीओ को काबू किया है। पुलिस अधिकारी रामफल ने बताया कि पकड़े गए पी.ओ. की पहचान सुखदीप सिंह निवासी तख्तमल के रूप में हुई है। आरोपी सुखदीप सिंह अदालत से एनएसीटी एक्ट में पी.ओ. घोषित था और उसके खिलाफ थाना शहर डबवाली में मामले दर्ज है।

### जिले से स्कार्पियो गाड़ी व दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह ने जिले से एक स्कार्पियो गाड़ी व दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में गांव खुम्बर निवासी गुरप्रीत सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपनी स्कार्पियो गाड़ी पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आया था। उसने अपनी गाड़ी को लघु सचिवालय के गेट के पास खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी गाड़ी गायब थी। उसने पहले अपने स्तर पर आसपास तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

## बीईओ रामरत्न ने ली बीएलओ की बैठक ली

# घर से मतदान के इच्छुक लोगों की लिस्ट करें तैयार



**टोहाना।** बीएलओ की बैठक को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी राम रत्न।

### चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी राम रत्न ने मंगलवार को डांगरा रोड स्थित किसान रेस्ट हाऊस बीएलओ के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। बीईओ राम रत्न ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वगार्ें की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। सभी बीएलओ अपने अपने क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार करें। निर्धारित वर्ग के जो मतदाता घर से मतदान करने का आवेदन करते हैं उनका घर से ही मतदान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपने एरिया में यह सुनिश्चित करे की इन वगार्ें के कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने पोलिंग बूथ की सभी सुविधाओं जैसे रैंप, पेयजल, बिजली, शौचालय इत्यादि की अच्छी प्रकार से जांच कर लें। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ पात्र व्यक्तियों के आगामी 26 अप्रैल तक वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें। इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट व मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। 18 व 19 वर्ष के ऐसे युवा जिनका नाम अभी तक मतदाता सूचियों में दर्ज नही है, वे सभी आगामी 26 अप्रैल तक अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवाने के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# आढ़ती के बैग से महिलाओं ने 50 हजार किए चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

टोहाना शहर में बैंक से रुपये निकलवाकर निकल रहे एक आढ़ती का बैग काटकर अज्ञात महिलाओं ने 50 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। आढ़ती जब घर पहुंचा तो उसे चोरी का पता चला। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस को दी शिकायत में नई अनाज मण्डी टोहाना निवासी रत्तिराम ने कहा है कि उसकी अनाज मण्डी में आढ़त की दुकान है। 15 अप्रैल की दोपहर को वह अपने भतीजे मोहित बंसल के साथ रेलवे रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच से रुपये निकलवाने गया था। मोहित को स्टेट बैंक में छोड़कर वह पास में स्थित पीएनबी बैंक में 50 हजार रुपये निकलवाकर ले आया। इसके बाद उन्होंने स्टेट बैंक से एक लाख रुपये निकाले और यह डेढ लाख रुपये उसने एक थैले में डाल लिए। रत्तिराम ने कहा कि जब वह दोनों बैंक से बाहर निकलने लग तो उसके पीछे दो संदिग्ध महिलाएं लगी हुई थी। इन्होंने बैंक से बाहर निकलते समय लोहे के चैनल गेट के पास अवरोध बनाकर उसका बैग काट लिया और उसमें से 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। जब वह बैग लेकर घर पहुंचा और रुपये संभाले तो पाया कि उसका बैग एक साइड से कटा हुआ था और उसमें से 50 हजार रुपये गायब थी।

# सिंचाई विभाग कार्यालय पर सीएम फ्लाइंग की रेड



**फतेहाबाद।** सिंचाई विभाग कार्यालय में जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य।

**फतेहाबाद।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने आज फतेहाबाद के भोड़िया खेड़ा स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में रेड की। इस दौरान टीम ने हाजिरी रजिस्टर मंगवाकर कर्मचारियों की हाजिरी चेक की और इसके बाद विभाग द्वारा करवाए जा रहे कायार्ें को लेकर रजिस्टर खंगाले। बता दें कि सीएम फ्लाइंग को अधिकारियों व कर्मचारियों की लेटलतीफी व कायार्ें में गड़बड़ी को लेकर शिकायतें की गई थी, जिसके बाद आज टीम एसआई रामफल व एएसआई साधु राम के नेतृत्व में कार्यालय में पहुंची और रिकॉर्ड खंगाला।

# राजस्थान में लोस चुनाव 19 को, सीमा पर पुलिस ने किए सुरक्षा प्रबंध कड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली

हरियाणा की सीमा से सटे रा'य राजस्थान में आगामी 19 अप्रेल को होने वाले लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत हरियाणा पुलिस ने डबवाली सीमा पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पुलिस प्रशासन ये सुनिश्चित करने में जुटा है कि पड़ौसी रा'य राजस्थान में पहले चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्र में नाकाबंदी कर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं।

### यहां लगाए गए हैं पुलिस नाके

पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह के अनुसार चौकसी के तहत पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्र के थाना सदर डबवाली क्षेत्र में संगरिया रोड चौटाला, हनुमानगढ़ बाईपास चौटाला व कालुआना से मानक टिब्बी पर नाके लगाए हैं जो 24 घंटे प्रभावी रहेंगे। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाना/चौकी प्रभारी, पीसीआर और राइडर को लगातार अपने अपने क्षेत्र में गश्त कर चुनाव के दौरान कैश, शराब, मादक पदाथार्ें के आवागमन पर नजर रखकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र के संबंधित डीएसपी, थाना प्रभारी से बातचीत कर तालमेल बनाएंगे और आवश्यक सूचनाएं सांझा करेंगे। उनके साथ प्रभावी 'वाइंट नाकाबंदी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह के मुताबिक डबवाली पुलिस जिले में हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों

# भिरड़ाना डिपो संचालक के समर्थन में उतरे डिपो धारक

**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना में सीएम फ्लाईंग और खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा एक डिपो संचालक के खिलाफ की गई कार्रवाई के विरोध में जिले के डिपो संचालक उतर आए हैं। जिले के दर्जनों डिपो संचालक आज लघु सचिवालय पहुंचे और यहां जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक से मिलकर स्थिति स्पष्ट की। डिपो संचालकों का कहना था कि बीते दिन जो कार्रवाई की गई वह रंजिशन थी। आरोप है कि इस मामले में गांव के सरपंच द्वारा यह कार्रवाई करवाई गई है। डिपो संचालकों का आरोप है कि गांव का सरपंच डिपो संचालक के साथ रंजिश रखता है जिसका नतीजा यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि अक्सर गांव के बुजुर्ग ग्रामीण उनके पास राशन लेने आते हैं और अपने अंगूठा दर्ज करवा यह कहकर राशन वहीं रख देते हैं कि उनके परिवार का सदस्य उठा ले जाएगा। बीते दिन भी ऐसा ही हुआ, क्षमता से अधिक जो राशन डिपो में मिला, वह उपभोक्ताओं का था। उन्होंने डीएफएससी से मिलकर मामले को रद्द किए जाने की मांग की है। साथ ही कहा है कि अगर यह मामला रद्द नहीं किया गया तो वह डीसी से मिलेंगे और फिर जरूरत पड़ी तो आंदोलन से भी पीछे नही हटेंगे।

# भवानी सिंह फतेहाबाद विस प्रभारी बने

- लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने की विस प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा द्वारा प्रचार अभियान तेज करते हुए विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव एवं फतेहाबाद के वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर भवानी सिंह को अहम जिम्मेवारी सौंपते हुए सिरसा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली फतेहाबाद विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम को विधानसभा संयोजक व प्रवीन जोड़ा व अनिल सिहाग को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर विधानसभा प्रभारी ठाकुर भवानी सिंह ने प्रदेश के सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनियां, जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा एवं फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उसका निर्वाह करेंगे।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर प्रदेश की नहीं देश की जनता में भाजपा के पक्ष में मतदान को लेकर प्रति भारी उत्साह है। देश की जनता तीसरी बार फिर नरेन्द्र मोदी को पीएम बनाना चाहती है। ठाकुर भवानी सिंह ने कहा कि सिरसा लोकसभा सहित प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा शानदार जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि सिरसा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर यहां से जीत का नया रिकार्ड बनाएंगे। उनकी इस जीत में फतेहाबाद विधानसभा का अहम योगदान रहेगा।

# छात्रों को नागरिक अधिकारों की दी जानकारी

- मानवाधिकार सोसायटी द्वारा एमएम कॉलेज में नागरिक अधिकारों पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों को नागरिक अधिकारों के बारे में जानकारी देते एडवोकेट कमलेश वशिष्ठ।

मनोहर मैमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहाबाद के मानवाधिकारी सोसायटी द्वारा 'नागरिक अधिकार' विषय पर कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र गेरा की देखरेख में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बार एसोसिएशन फतेहाबाद की सचिव कमलेश वशिष्ठ एडवोकेट ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ नागरिक अधिकारों पर चर्चा करते कहा कि कानून की नजरों में सबको समान अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारत में मानव अधिकार उसके जन्म से पहले ही मिल जाता है। हमारे संविधान में 7 मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिसमें सबसे पहला और बड़ा अधिकार समानता को बताया गया है। एडवोकेट कमलेश वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को एनएचआरसी और एचआरसी के बारे में भी विस्तार से जानकारी और बताया कि किसी भी शोषण निषेध है। उन्होंने बताया कि नागरिक अधिकार लोकतंत्र का एक अनिवार्य घटक हैं। वे जाति, धर्म या अन्य विशेषताओं की परवाह किए बिना कानून के तहत समान सामाजिक अवसरों और सुरक्षा की गारंटी देते हैं। इसके उदाहरण हैं वोट देने का अधिकार, निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार, सरकारी सेवाएं और सार्वजनिक शिक्षा का अधिकार। एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने मुख्य अतिथि एडवोकेट कमलेश वशिष्ठ का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की जानकारियां हमारे जीवन के लिए बहुत महत्व रखती है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मानवाधिकार सोसायटी के सदस्यों को बधाई दी।

# अवैध पेयजल कनेक्शनों पर कसा शिकंजा

- दो सर्विस स्टेशनों और 5 दुकानों के काटे कनेक्शन
- जनस्वास्थ्य विभाग ने पूरे शहर में सर्वे शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में अब पानी की किल्लत भी बनती जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग ने पूरे शहर में सर्वे शुरू कर रखा है। मंगलवार को जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान दो सर्विस स्टेशन और 6 दुकानों के अवैध कनेक्शन काटे गए है। अब इन लोगों को तभी कनेक्शन मिलेगा जब वे नियमों का पालन करेंगे।



**फतेहाबाद।** अवैध कनेक्शन काटते जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

सबसे बड़ी बात ये है कि सर्विस स्टेशन को अब कनेक्शन जारी नहीं होगा। पहले जो जारी हो रखा है, उनसे बिल लिया जा रहा है। मंगलवार को सबसे पहले लालबत्ती चौक पर अभियान चलाया गया। टीम में कार्यकारी अभियंता सतीश देशवाल, एसडीओ सतपाल, तरूण मेहता, बीआरसी राकेश कुमार, शमशेर सिंह, मदन लाल, क्लर्क वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। टीम ने लालबत्ती चौक पर 6 दुकानों के कनेक्शन काटे। कुछ दिन पहले यहां पर सर्वे किया गया था जो अवैध कनेक्शन मिले थे। दुकानदारों से कहा गया था कि वे अपने कनेक्शन वैध करवा ले, लेकिन किसी ने नहीं सुनीं और आज यह कार्रवाई की गई है। एसडीएम सतपाल ने बताया कि विभाग द्वारा यह अभियान जारी रहेगा। सर्वे के दौरान नोटिस दिया जा रहा है। अगर नोटिस का जवाब नहीं दिया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा।

# सर्वसमाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

सर्व समाज सभा की मासिक बैठक नूर गार्डन, टोहाना रोड रतिया में प्रधान रणजीत सिंह भानीखेड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम सभा के सभी सदस्यों ने कनीना के स्कूल वैन हादसे में मारे गए बच्चों को श्रद्धासुमन व श्रद्धांजलि अर्पित की गई व दो मिनट मौन रखा गया। इसके उपरांत बैठक में शहर में किन्नरों का घरों में मनमानी के हिसाब से रूपये मांगने के मुद्दे को देखते हुए शहर की कई संस्थाओं द्वारा सभा से इनके साथ मिलने का अनुरोध किया जिसे सभा ने सभी संस्थाओं के साथ चलने का आश्वासन दिया। शहर की सभी धार्मिक संस्थानो के ऊंची आवाज में चलने वाले स्पीकर पर प्रसाशन रोक लगाए। यह काफी अधिक ऊंची आवाज मे बजाए जाते हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई पर भी खलल रहता है। सभा ने सभी इलाका वासियों से अनुरोध किया कि गेहूं की फसल आई हुई है इसलिए कही भी आग जलाने से पहले अच्छी तरह से कवर करके व चारदीवारी के अन्दर ही जलाए ताकि कोई नुकसान न हो। बैठक में कनीना में स्कूल वैन के हादसे का कारण जोकि ऐसे दोबारा ऐसे हादसे ना हो, इसके लिए नियमों को पूरा करवाया जाए।

# पूर्व सैनिक की विधवा का यौन शोषण ब्लैकमेल कर 6.60 लाख रुपये हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

- आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भिवानी रवाना

एक विधवा महिला के साथ फतेहाबाद रोड पर होटल में युवक ने दुष्कर्म किया और ब्लैकमेल करके पीड़िता से तीन बार में 6 लाख 60 हजार रुपये भी हड़प कर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने जिला भिवानी के गांव दरियापुर निवासी सुरेश कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)एन 450, 384 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस की एक टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भिवानी रवाना हुई। पुलिस शिकायत में पूर्व सैनिक की विधवा पत्नी ने आरोप लगाया है कि जिला भिवानी के गांव दरियापुर निवासी सुरेश के साथ अक्टूबर 2023 महीने में बातचीत हुई थी और सुरेश ने उसको बातों में फंसा लिया।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जनवरी 2024 में आरोपी उसे बातचीत के बहाने फतेहाबाद रोड पर बने एक होटल में ले गया और वहां उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। लेकिन 24 फरवरी को सुरेश ने कहा कि मुझे पैसों की जरूरत है और दो लाख रुपये दे दो। लेकिन जब उसने आरोपी को मना किया तो होटल में किए दुष्कर्म के बारे में लोगों को बताने की धमकी दी। इसलिए अपनी इज्जत समाज में बचाने के लिए पीड़िता ने आरोपी को दो लाख का चेक दे दिया। चेक के बाद उपरोक्त राशि बैंक से निकाल ली गई। लेकिन आरोपी का ब्लैकमेल करने का सिलसिला लगातार आगे बढ़ चला दिनांक 8 अप्रैल को आरोपी पीड़िता के घर आया और उसको अकेली पाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसके साथ किए गए गलत काम की उसके परिवार के लोगों को बताने की धमकी देकर 4 लाख रुपये का चेक ले लिया।

# साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

- सस्ता लोन, नौकरी, मोटे मुनाफे के नाम पर कर सकते हैं फ्रॉड

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने आमजन को आगाह करते हुए कहा है कि साइबर अपराधी बदलते समय के साथ-साथ ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं और आपको घर बैठे मोटी कमाई का लालच देकर अलग-अलग टास्क पूरा करने का लालच देते हैं। साइबर अपराधी के झांसे में आकर लोग पल भर में लाखों रुपए गंवा बैठते हैं। जिला पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों के द्वारा बिछाए गए जाल के संबंध में जागरूक किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कई बार साइबर अपराधी आमजन को कुछ मिनटों में लोन दिलाने के नाम पर, नौकरी दिलाने के नाम पर ट्रेडिंग कर मुनाफे के नाम पर चूना लगा रहे हैं।

### साइबर अपराध के ये हो सकते हैं तरीके:

बदलते समय के साथ साइबर फ्रॉड ठगी के नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। साइबर अपराधी नए तरीके से इस तरह से लोगों को अपने जाल में फसाते हैं कि उन्हें समझ में भी नहीं आता कि आखिर उनके साथ क्या हो रहा है? पुलिस अधीक्षक के अनुसार साइबर अपराधियों ने कई सोशल साइट्स पर जाल बिछा रखा है। कस्टमर केयर नंबर से मिलता-जुलता फेक कस्टमर केयर नंबर अपडेट कर रखे हैं। ऐसे में जब कोई उस नंबर पर संपर्क करता है तो कस्टमर केयर नंबर एक्टिव नहीं होता और दूसरे नंबर से कॉल आती है। साइबर अपराधी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर बात करते हैं और लोगों को विश्वास में लेकर निजी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। यदि आपसे कस्टमर केयर के माध्यम से निजी जानकारी प्राप्त करता है तो समझ जाएं कि आप साइबर फ्रॉड के शिकार होने वाले हैं। कभी भी कोई ऐसे अंजान ऐप लिंक डाउनलोड न करें जिससे कोई व्यक्ति आपके सिस्टम को दूर बैठकर एक्सेस कर लें। आरोपी आपकी एक छोटी सी गलती के लिए बैठे हैं, इसके लिए जागरूकता ही बचाव है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद लोगों को लोन दिलाने के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस, सर्च रिपोर्ट, सर्वे रिपोर्ट, फाइल चार्ज आदि के नाम पर साइबर फ्रॉड किए जा रहे हैं। प्राइवेट नंबरों से नागरिकों को कम ब्याज दरों पर मनचाहा लोन दिलाने के नाम पर कॉल कर साइबर फ्रॉड का शिकार बना रहे हैं।

## ढाकर बस्ती में नवनिर्मित मंदिर में लगाया भंडारा

# मंदिर में चोगानन माता की मूर्ति स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

ढाकर बस्ती में नवनिर्मित मंदिर में नवरात्रों के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से मां शीतजा व चौगानन माता की मूर्ति स्थापना की गई। माता रानी की परिक्रमा के साथ मूर्ति स्थापना की गई। इस मंदिर का निर्माण युवा समाजसेवी मुकेश प्रजापति द्वारा महामाई के श्रद्धालुओं के सहयोग से करवाया गया है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा हवन किया गया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। युवा समाजसेवी मुकेश प्रजापति ने बताया कि उनको माता शीतला ने




**फतेहाबाद।** नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना करते मुकेश प्रजापति व अन्य श्रद्धालु।

स्वप्न में आदेश दिया कि मेरा यहां पर स्थान बनवाया जाए। इसके बाद उन्होंने यहां साक्षात शीतला माता के आदेश के अनुसार माता शीतला व चौगानन माता का मंदिर का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर की विशेष आस्था यह है कि जो भी भक्त यहां माता के चरणों में माथा टेकता है, उसकी मनोकामना माता रानी पूरी करेगी। सच्चे श्रद्धा के साथ जो भी यहां शीश झुकाएगा, उसकी मनोकामना पूर्ण होगी। श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां मात्र 5 पतासों, दो लौंग और एक नारियल का प्रसाद चढ़ाने से शीतला माता अपने भक्त की मन्नत पूरी करती है। मुकेश प्रजापति ने बताया कि मंदिर में सोमवार व मंगलवार को माता के प्रसाद के रूप में गुलगुले-पुरे का प्रसाद वितरित किया जाता है। इस अवसर पर बृजलाल प्रजापति, लालाराम प्रजापति, प्रेम भगत प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, शिवा प्रजापति, हरि, रणधीर, भूप शर्मा, बिल्लो देवी, आदि मौजूद रहे।